### 254 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

# लाड़ली बहनें अब लाभ लेने वाली नहीं लाभ कमाने वाली बन रही हैं : डॉ.यादव



आगर-मालवा में 1.25 करोड़ से अधिक बहनों को 1835 करोड़ रुपये की 40वीं किस्त अंतरित

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को आगर-मालवा से प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 10 हजार से अधिक लाड़ली बहनों के बैंक खातों में लाड़ली बहना योजना की 40वीं किस्त के रूप में 1835 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की।

इसमें आगर-मालवा जिले की 1 लाख 13 हजार से अधिक बहनें शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को भी हितलाभ वितरित किए। मुख्यमंत्री ने जिले को 254 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 50 विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें 226 करोड़ रुपये के 33 कार्यों का भूमिपूजन और करीब 28 करोड़ रुपये के 17 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। उन्होंने करीब 118 करोड़ रुपये की तीन सड़क परियोजनाओं और 19 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले शासकीय विधि महाविद्यालय का भूमिपूजन किया। डॉ. यादव ने आगर में बड़ी गौशाला बनाने और जिले के हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विकास के लिए संकल्प शक्ति जरूरी है। सरकार नागरिकों से किए वादों को पूरा कर रही है। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन योजना-2026 शुरू होगी। इसके तहत 50 लाख से अधिक पट्टेधारियों के पट्टों की पक्की रजिस्ट्री कराकर उन्हें निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। रजिस्ट्री शुल्क सरकार वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलेगा। 25 सितंबर से मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू होगी। इसके तहत बसें गांवों, पंचायतों, कस्बों, तहसीलों और नगरों तक पहुंचेंगी। वर्ष 2030 तक प्रदेश में 15 हजार से अधिक बसें चलाने का लक्ष्य है। उन्होंने 17 सितंबर को शाम सात बजे 58 लाख आशीर्वाद के दीपक जलाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना सरकार का लक्ष्य है। प्रदेश की चार लाख से अधिक महिलाएं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की मदद से उद्योग क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना महिलाओं के आत्मविश्वास, सम्मान और आत्मनिर्भरता का आधार बन रही है।

## मेधावी विद्यार्थियों को 16 को मिलेगी ई-स्कूटी की सौगात

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 16 सितंबर को मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को ई-स्कूटी वितरित करेंगे। राज्य स्तरीय वितरण कार्यक्रम शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिवाजी नगर में सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ई-स्कूटी दी जाएगी। इससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के दौरान आवागमन में सुविधा मिलेगी। योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसका लाभ लेने के लिए विद्यार्थी का कक्षा 12वीं में प्रथम प्रयास में 70 प्रतिशत अंक के साथ अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करना आवश्यक है। शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए प्रदेश के 7500 से अधिक पात्र विद्यार्थियों को ई-स्कूटी का लाभ मिलेगा। अब तक इस योजना के तहत प्रदेश के 23 हजार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को आगर मालवा में बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की।

# भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान का आज शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री

- राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर भारत भवन में दो दिवसीय आयोजन
- देशभर के पत्रकार साहित्यकार और कवि होंगे शामिल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 14 सितंबर को शाम चार बजे भारत भवन में 'भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान' का शुभारंभ करेंगे। 14 और 15 सितंबर को होने वाले इस दो दिवसीय आयोजन का केंद्रीय विषय 'मातृभाषा, संस्कृति और भारतीय जीवन-मूल्यों पर संवाद' रखा गया है। आयोजन में भारतीय भाषाओं की विविधता, संस्कृति, जीवन-मूल्यों और राष्ट्रीय एकता की भावना पर चर्चा होगी।

संस्कृति विभाग के वीर भारत न्यास और संस्कृति संचालनालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारत भवन, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान तथा मातृभाषा मंच की सहभागिता रहेगी।

पहले दिन मुख्यमंत्री के शुभारंभ के बाद शाम 4:30 बजे 'मातृभाषा से राष्ट्रभाषा : भाषाओं में भारत की आत्मा' विषय पर व्याख्यान होगा। इसमें बांग्ला के स्नेहाशीष सूर और कश्मीरी के आसिम मोहिउद्दीन विचार रखेंगे। इसके बाद शाम छह बजे 'भाषाई पत्रकारिता, समाज की आवाज' विषय पर विमर्श होगा। इसमें जयदीप कर्णिक, गिरीश उपाध्याय और वरिष्ठ पुरातत्वविद नारायण व्यास सहभागी होंगे। शाम 7:30 बजे राष्ट्रीय कवि सम्मेलन होगा, जिसमें डॉ. कीर्ति काले, स्वयं श्रीवास्तव, दिनेश दिग्गज, शैलेन्द्र मधुर, अज़हर इकबाल और रामायणधर द्विवेदी काव्य पाठ करेंगे।

15 सितंबर को 'डिजिटल युग में मातृभाषाएं : संकट, संभावना और नई पत्रकारिता' तथा 'भाषा अनेक, भारत एक' विषय पर विमर्श सत्र होंगे। इनमें विभिन्न भारतीय भाषाओं के वरिष्ठ पत्रकार और लेखक विचार रखेंगे। शाम 7:30 बजे 'संत राग' कार्यक्रम में संत कवियों की वाणी की प्रस्तुति सुधा रघुरामन करेंगी।

आयोजन स्थल पर भारतीय भाषाओं से संबंधित शब्द-चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इस दौरान भारतीय परंपरा के महत्वपूर्ण व्यक्तित्वों और विभिन्न पुस्तकों का लोकार्पण किया जाएगा।

## बच्चों की मौत पर दिपके का तंज 'मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देता हूं'

- प्रभावित गांवों का दौरा करने के बाद राज्यपाल को लिखा पत्र, चिकित्सा और स्कूल व्यवस्था पर उठाए सवाल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** बालाघाट में आदिवासी बच्चों की मौत के मामले को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने मध्य प्रदेश सरकार पर तंज कसा है। प्रभावित गांवों का दौरा करने के बाद उन्होंने राज्यपाल मंगूभाई पटेल को संबोधित पत्र जारी किया, जिसमें खुद को मुख्यमंत्री बताते हुए पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देने की बात कही है। दिपके ने कहा कि बालाघाट में 30 से अधिक आदिवासी बच्चों की मौत के बाद उनका विवेक उन्हें पद पर बने रहने की अनुमति नहीं देता। उन्होंने बच्चों को समय पर चिकित्सा सहायता नहीं मिलने को विफलता बताया। उन्होंने बच्चों के मुआवजे को लेकर भी सवाल उठाए। उनके अनुसार पहले दो लाख रुपये और बाद में विरोध के बाद चार लाख रुपये मुआवजा घोषित किया गया। दिपके ने बालाघाट में पेयजल और स्कूल व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कुछ आदिवासी परिवार अब भी पीने के लिए नदी के पानी पर निर्भर हैं। कई गांवों में स्कूलों की स्थिति खराब है और करीब 75 बच्चे एक ही कमरे में पढ़ते हैं।

## सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने कार्यकर्ताओं से जुटने का आह्वान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल और प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने रविवार को बैतूल जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में जिला पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सेवा संकल्प अभियान की जिला टोली के सदस्यों की बैठक को संबोधित किया।

श्री खण्डेलवाल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान के कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सक्रियता से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत विभिन्न सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे। इसमें विद्यालयों में चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं, सेवा स्मरण कार्यक्रम तथा 17 सितंबर को रक्तदान शिविर शामिल हैं। इसी दिन शाम को आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री के दीर्घायु जीवन की कामना के लिए दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सेवा यात्रा राष्ट्रहित, जनकल्याण, सेवा और सुशासन के प्रति समर्पित रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस यात्रा और जनसेवा के संकल्प को लोगों तक पहुंचाने की अपील की। बैठक में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार सहित विधायक और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।





## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की जीत पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को एएचएफ जूनियर एशिया कप-2026 का खिताब जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन, बेहतरीन तालमेल और आत्मविश्वास के साथ फाइनल मुकाबले में चीन को 1-0 से हराकर देश का गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे देश को गर्व है। उन्होंने कहा कि टीम की यह सफलता देश की बेटियों और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।





### रामजी के दरबार में चिंतन-मनन



सत्ताधारी दल की नैया पार लगाने में रामजी का बहुत बड़ा योगदान है। यही कारण है कि रामजी के दरबार में एक बार फिर चिंतन-मनन कर ऊर्जा लेने की कोशिश शुरू हुई है।

### छवि पर सीधा प्रहार



पिछले दिनों सागर में हुए जहरीली शराब कांड में मौतें हुईं। इस पर राजनीति भी जमकर हुई। सरकार, विभागीय मंत्री एवं अधिकारियों की छवि पर कालिख लगी, लेकिन सबसे ज्यादा फर्क स्थानीय जनप्रतिनिधि और सरकार में मंत्री की छवि पर असर पड़ा, क्योंकि शराब कारोबारी से सीधे माननीय को जोड़ा जा रहा है। हालांकि, परंपरा के अनुसार माननीय की तरफ से सफाई भी आ गई है।

### भगवान का दिया सबकुछ है...



लंबे समय से सत्ता में रहते हुए हर सुख-सुविधाएं उपलब्ध रही हैं, लेकिन पिछले दो-तीन वर्षों से सत्ता में दल तो है, लेकिन माननीय का दिल नहीं लग रहा है। सत्ता की मलाई है ही इतनी स्वादिष्ट। शुभचिंतकों के साथ एक आयोजन में माननीय समर्थकों से यह कहते-कहते आंखों में आंसू भरकर बोले - भगवान का दिया सबकुछ तो है, बस...

### सबसे बड़ा रुपैया...




कहावत तो बहुत सुनी है कि बड़ा न भैया, सबसे बड़ा रुपैया। यही स्थिति भोपाल तालाब के कैचमेंट एरिया में एनजीटी की गाइडलाइंस के हिसाब से हुई जांच में सामने आई। बहुत से सफेदपोशों के बंगले, फार्महाउस, शादी हॉल, रिसोर्ट एवं अन्य व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स जांच के दायरे में आ गए। माननीयों ने तुरंत पल्ला झाड़ते हुए बयान दिया - हमारा इनसे कोई रिश्ता नहीं है। हालांकि, रहते और व्यवसाय माननीय के दम पर ही होता है।

### खुद पर आंच आई तो अंगूर खट्टे हैं...



महाकोशल क्षेत्र के एक माननीय की इन दिनों अपने ही जिले के एक बड़े साहब से पटरी नहीं बैठ रही है, क्योंकि बड़े साहब की कार्रवाई साहब के व्यवसाय को प्रभावित करने लगी है। ये वही माननीय हैं, जो कुछ महीनों पहले ऐसी कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को नसीहत देते थे, लेकिन खुद पर आंच आई तो अंगूर खट्टे हैं।

### हम सरकार हैं...



लंबे समय तक सत्ता की चाशनी में गोते लगाने वाले एक माननीय इन दिनों बहुत परेशान हैं। मालवा क्षेत्र में अब उनका उतना दखल नहीं रहा, जितना पहले हुआ करता था, लेकिन साहब की ठसक अभी भी 'हम सरकार हैं' जैसी ही है।

### धर्म और संस्कृति में योगदान को सराहा

# 341 मंदिर समितियों का सम्मान



सजस द्वारा आयोजित समारोह में पदाधिकारियों और पुजारियों को शॉल, श्रीरामचरितमानस व प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** सूरज जनउत्थान सामाजिक संगठन (सजस), द्वारा मंदिर समितियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विधायक भगवानदास सबनानी की प्रेरणा और मार्गदर्शन से शुरू हुई यह पहल लगातार दूसरे वर्ष आयोजित की गई।

समारोह में दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की 341 मंदिर समितियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समन्वय भवन, अपेक्स बैंक, मालवीय नगर, न्यू मार्केट में हुआ। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर परम पूज्य रामकिशोर द्वाराचार्य निर्गुण दरबार आचार्यबाड़ पीठाधीश्वर महाराज, गुरुदेव सुदेश शांडिल्य और परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पं. विष्णु राजोरिया का सान्निध्य प्राप्त हुआ।

सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णा घाडगे सहित जनप्रतिनिधि, मंदिर समितियों के पदाधिकारी, पुजारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। भजन प्रस्तुति के बाद 341 मंदिर समितियों के पदाधिकारियों और पुजारियों को शॉल, श्रीरामचरितमानस और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन का उद्देश्य मंदिर समितियों के धर्म, संस्कार, सामाजिक सद्भाव और सनातन संस्कृति के संरक्षण में योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करना रहा।

# स्वाइन फ्लू के 12 दिन में मिले 45 मरीज

- इस साल अब तक 65 मामले सामने आए
- गंभीर लक्षण वाले 232 मरीजों की हुई जांच
- इन्फ्लूएंजा के करीब 95 प्रतिशत मामले बिना भर्ती हुए ठीक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** राजधानी में इस साल स्वाइन फ्लू (एच1एन1) से पहली मौत हुई है। एक निजी अस्पताल में भर्ती 80 वर्षीय राम सिंह की संक्रमण के साथ गंभीर सांस संबंधी बीमारी के चलते मौत हो गई। वे पहले से हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और टाइप-2 मधुमेह से पीड़ित थे। शहर में अब तक स्वाइन फ्लू के 65 मरीज मिल चुके हैं। इनमें 45 मामले बीते 12 दिनों में सामने आए हैं।

फिलहाल भोपाल में एच1एन1 की जांच केवल एम्स में हो रही है। गांधी मेडिकल कॉलेज में नियमित जांच की सुविधा अभी शुरू नहीं हुई है। जांच व्यवस्था के बीच गंभीर लक्षण वाले मरीजों को प्राथमिकता दी जा रही है। अब तक गंभीर लक्षण वाले 232 मरीजों की जांच की जा चुकी है।

मौसम में बदलाव, नमी और ठंडक के बीच सर्दी-खांसी, बुखार और सांस संबंधी संक्रमण के मरीज अस्पतालों की बाह्य रोगी विभाग में पहुंच रहे हैं। गांधी मेडिकल कॉलेज में श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ. लोकेंद्र दवे के अनुसार, पिछले करीब तीन महीने से ऐसे लक्षण वाले मरीज लगातार आ रहे हैं। हालांकि, अभी मरीजों की संख्या असामान्य या महामारी जैसी स्थिति में नहीं है।

उन्होंने बताया कि इन्फ्लूएंजा के करीब 95 प्रतिशत मामले बिना भर्ती हुए ठीक हो जाते हैं। हर सर्दी-जुकाम या बुखार वाले मरीज को एच1एन1 जांच की जरूरत नहीं होती। जांच का निर्णय लक्षण और मरीज की स्थिति के आधार पर किया जाता है।

बुजुर्गों तथा हृदय रोग, मधुमेह और अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों में संक्रमण गंभीर होने का खतरा अधिक रहता है। सांस लेने में परेशानी, ऑक्सीजन कम होने या लक्षण तेजी से बढ़ने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह की जरूरत होती है।

**निर्देश** *टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के पंजीयन और एएनसी जांच पर विशेष ध्यान देने के निर्देश*

# बालाघाट में स्वास्थ्य सेवाओं की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करें : शुक्ल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बालाघाट जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित की जाए।

कोई भी पात्र व्यक्ति स्वास्थ्य सुविधा से वंचित न रहे और स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत एवं जवाबदेह बनाया जाए। उन्होंने शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन और एएनसी जांच कराने के निर्देश दिए। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान कर नियमित निगरानी और आवश्यकता के अनुसार उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में उपचार एवं प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव के लिए पूर्व तैयारी और दूरस्थ क्षेत्रों में प्रसव प्रतीक्षा गृह की व्यवस्था प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जिले में आवश्यकता के अनुसार 67 नए चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना की गई है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को नियमित मैदानी दौरे करने और कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के साथ निर्धारित प्रोत्साहन राशि समय पर वितरित करने को कहा।

उन्होंने जन्मजात हृदय रोग, कटे होंठ और क्लब फुट जैसी समस्याओं से प्रभावित बच्चों की पहचान और समय पर नि:शुल्क उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दूरस्थ क्षेत्रों में टीकाकरण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था अपनाने तथा छूटे बच्चों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा।



मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com